# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
## गौतम बुद्ध नगर

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की बीसवीं बैठक दिनाँकः 03 सितम्बर, 2016 को पूर्वाह्ण 11:30 बजे मा0 कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अधोलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः

(क) शिक्षा सोसाइटी द्वारा निर्दिष्ट नामः

1. **प्रो0 डी0आर0 भास्कर,** ........... सदस्य
इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग,
फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी,
जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय,
जामिया नगर– नई दिल्ली।

(ख) विश्वविद्यालय के आचार्यः

2. **प्रो0 अनुराधा मिश्रा,** ........... सदस्य
प्रोफेसर,
अधिष्ठाता शैक्षिक,
एवं अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

3. **प्रो0 अरूण कंसल,** ........... सदस्य
प्रोफेसर,
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग,
एवं अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ आई0सी0टी0
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

(ग) औद्योगिक विकास विभाग से प्रतिनिधिः

4. **डा0 बलकार सिंह ,** ........... सदस्य
विशेष सचिव,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

5. **श्री मनोज राय,** ........... सचिव
कुलसचिव,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

विषेश आमंत्रित सदस्यः

6 **डा0 आनन्द सिंह,**
एसोशिएट प्रोफेसर,
अधिष्ठाता नियोजन एवं शोध,
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
एवं प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

7 **डा0 श्वेता आनन्द,**
एसोशिएट प्रोफसर,
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

8 डा0 सीमा द्विवेदी,
एसोशिएट प्रोफेसर,
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बायोटैक्नोलोजी,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

9 डा0 इन्दु उप्रेती,
एसोशिएट प्रोफेसर,
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेज,
एवं प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेस।

10. श्री जनार्दन
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
ग्रेटर नोएडा।

11. श्री पंकज शर्मा,
वित्त अधिकारी,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

12. श्री ललित गुप्ता,
निदेशक कार्य
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

**जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सकेः**

**प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्देशिती;**

13. प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्देशिती सदस्य ........... सदस्य

**शिक्षा सोसाइटी द्वारा निर्दिष्ट नामः**

14. प्रो0 ए.के. खरे, ........... सदस्य
मा0 कुलपति,
सुरेश ज्ञान-विहार विश्वविद्यालय
जयपुर - राजस्थान।
एवं
पूर्व प्रति कुलपति, यू.पी.टी.यू.

15 प्रो0 ओंकार सिंह, ........... सदस्य
मा0 कुलपति,
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
गोरखपुर - उत्तर प्रदेश।

**विषेश आमंत्रित सदस्यः**

16 श्री संजय अग्रवाल,
आई.ए.एस.
अध्यक्ष,
नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,
नोएडा।

## :: कार्यवाही का विवरण ::

20.16.01 **प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँकः 14 जून, 2016 को सम्पन्न हुई उन्नीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 14 जून, 2016 को सम्पन्न हुई उन्नीसवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

20.16.02 **प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँकः 14 जून, 2016 को सम्पन्न हुई उन्नीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 14 जून, 2016 को सम्पन्न हुई उन्नीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही के विवरण को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

20.16.03 **श्री अमर नाथ उपाध्याय के कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के पद से कार्यमुक्त होने के उपरान्त कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार श्री पंकज शर्मा, वित्त अधिकारी को दिये जाने एवं श्री मनोज कुमार राय द्वारा कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किये जाने के सम्बन्ध में बोर्ड को अवगत कराया जाना।**

प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा श्री अमर नाथ उपाध्याय, कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कार्यमुक्त होने के उपरान्त कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार श्री पंकज शर्मा, वित्त अधिकारी को दिये जाने एवं उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति अनुभाग-2 के आदेश संख्या अर्द्धशासकीय पत्र संख्या-टी-73/दो-2-2016 दिनाँक 26 अगस्त, 2016 के अनुपालन में दिनाँक 26 अगस्त, 2016 (अपराह्न) को कुलसचिव के पद पर श्री मनोज कुमार राय द्वारा कार्यभार ग्रहण किये जाने को संज्ञान में लेते हुए, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय अधिनियम-2008" की धारा 13 में संशोधित अधिनियम के अनुसार कुलसचिव की नियुक्ति को अनुमोदित किया गया।

20.16.04 **विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने वाले संकाय-सदस्यों एवं विश्वविद्यालय की सेवाओं से कार्यमुक्त होने वाले संकाय सदस्यों का विवरण प्रबन्ध बोर्ड के अवलोकनार्थ।**

विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने वाले संकाय-सदस्यों एवं विश्वविद्यालय की सेवाओं से कार्यमुक्त होने वाले संकाय सदस्यों के विवरण को प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अवलोकित किया गया।

20.16.05 **प्रबन्ध बोर्ड के बिन्दु संख्या 19.16.05 के क्रम में अनुपालन हेतु दिनाँक 02.07.2016 तथा 30.07.2016 सम्पन्न हुई बैठकों के कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ।**

प्रबन्ध बोर्ड के उन्नीसवीं बैठक के बिन्दु संख्या 19.16.05 पर प्रबन्ध बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देशानुसार आरक्षण की समीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक उपसमिति गठित की गई। उपसमिति के सदस्य प्रो0 आर0सी0कटियार सदस्य व्यवस्थापक बोर्ड, प्रो0 ए0के0 खरे, सदस्य प्रबन्ध बोर्ड, प्रो0 डी0 आर0 भास्कर, सदस्य प्रबन्ध बोर्ड एवं कुलसचिव

थे। समिति को प्रबन्ध बोर्ड के निर्देशानुसार इन पदों पर लागू आरक्षण की समीक्षा करने तथा विस्तृत परीक्षणोपरान्त अपनी आख्या प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया था। विभिन्न संकायों में अध्यापकों के कुल 85 पदों पर नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई थी। इन 85 पदों पर चयन हेतु प्रत्येक विभाग की अलग-अलग चयन समिति बनाई गई थी। चयन समिति द्वारा कुल 19 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई। उपसमिति द्वारा आरक्षण की स्थिति की समीक्षा कर परीक्षणोंपरान्त अपनी आख्या तैयार कर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की है। उप समिति द्वारा इन 19 अभ्यर्थियों की सूची में से 18 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा की गई है।

उपसमिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रबन्ध बोर्ड द्वारा विचार किया गया। बोर्ड के एक सदस्य डा0 बलकार सिंह, विशेष सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन (प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित) द्वारा चयन प्रक्रिया में आरक्षण के बिन्दु पर अपनी असहमति व्यक्त की गई। बोर्ड द्वारा यह मत स्थिर किया गया कि आरक्षण के बिन्दु पर ही उपसमिति द्वारा विस्तृत परीक्षण कर अपनी आख्या प्रस्तुत की गई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ आई0सी0टी0 एवं स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेन्स में अध्यापकों की भारी कमी एवं विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रमों का संचालन करने में होने वाली कठिनाईयों को संज्ञान में लेते हुए प्रबन्ध बोर्ड द्वारा उपसमिति की रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान करते हुये प्रस्तुत किये गये 18 अभ्यर्थियों की सूची में से निम्नानुसार 14 अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया:-

| S. No. | Name of candidate | Post applied for | Name of Department | Name of school | Category |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Alpa Yadav | Assistant Prof. | Applied Chem. | SOVS&AS | UR |
| 2. | Dr. Shweta Anand | Professor | Management | SOM | UR |
| 3. | Dr. Ajay Kumar Kansal | Assistant Prof. | Management | SOM | UR |
| 4. | Dr. Dharamvir Mangal | Assistant Prof. | Mechanical | SOE | UR |
| 5. | Dr. Vijay Kumar Dwivedi | Assistant Prof. | Mechanical | SOE | UR |
| 6. | Dr. Chandra Bhan Vishwakarma | Assistant Prof. | Electrical | SOE | UR |
| 7. | Dr. Vinod Kumar Yadav | Assistant Prof. | Electrical | SOE | OBC |
| 8. | Dr. Omveer Singh | Assistant Prof. | Electrical | SOE | UR |
| 9. | Dr. Poonam Verma | Assistant Prof. | Law | SOL J&G | OBC |
| 10. | Dr. Santosh Kumar Tiwari | Assistant Prof. | Law | SOL J&G | UR |
| 11. | Dr. Satish Chandra | Assistant Prof. | Law | SOL J&G | SC |
| 12. | Dr. Navin Kumar | Assistant Prof. | Bio Tech. | SOBT | OBC |
| 13. | Dr. Ajay Kumar | Assistant Prof. | Psyco. | SOH&SS | UR |
| 14. | Dr. Anil Kumar Gautam | Professor | Electro. & Commun. | SOICT | SC |

20.16.06 **प्रबन्ध बोर्ड की उन्नीसवीं बैठक के बिन्दु संख्या 19.16.09(3) के क्रम में अनुपालन हेतु गठित समिति की दिनाँक 02.07.2016 एवं 31.08.2016 को हुई बैठकों के कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं उक्त संस्तुतियों को विश्वविद्यालय अध्यादेश में सम्मिलित किये जाने हेतु अनुमोदनार्थ।**

प्रबन्ध बोर्ड की उन्नीसवीं बैठक के बिन्दु संख्या 19.16.09(3) के क्रम में अनुपालन हेतु गठित समिति की दिनाँक 02.07.2016 एवं 31.08. 2016 को हुई बैठकों के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा इस संशोधन के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि Assistant Professor (on contract) के स्थान Assistant Professor शब्द का प्रयोग किया जाये।

इसके अतिरिक्त अनुमोदित संस्तुतियों को विश्वविद्यालय अध्यादेश के बिन्दु संख्या 4 में 4.5 (Eligibility Criteria), एवं 7 (Salary Structure) के रूप में 7.1 में सम्मिलित किये जाने हेतु भी बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

19.16.07 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार।**

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(मनोज कुमार राय)
सचिव, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(डा0 जे.पी. शर्मा)
अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलपति
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय